सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5715	22.01.2020	22.01.2020	Gautam Buddh Nagar Uttar Pradesh	www.navbharattimes.com/English https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/noida/malaria-risk-in-cold-2-patients-found/articleshow/73494004.cms
Title:	**Two malaria cases reported in district Gautam Buddh Nagar, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Gautam Buddh Nagar, SSU-Uttar Pradesh			

अगर आप सोच रहे हैं कि ठंड में मलेरिया का खतरा नहीं होता है तो आप सावधान हो जाएं। बीते साल दिसंबर महीने में भीषण ठंड के बीच भी मलेरिया के 2 मरीजों की पुष्टि हुई है। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। विभाग की टीम ने मरीजों के घर जाकर उन्हें दवाएं उपलब्ध कराई हैं। मलेरिया के साथ-साथ लोगों को डेंगू और स्वाइन फ्लू को लेकर भी लाउडस्पीकर के जरिए जागरूक किया जा रहा है। जिला मलेरिया ऑफिसर राजेश कुमार ने बताया कि साल 2018 की अपेक्षा 2019 में मलेरिया के रोगियों की संख्या घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2017 में 402, 2018 में 434 और 2019 में मलेरिया के 424 मरीज सामने आए हैं। हालांकि शहर में मलेरिया से अब तक एक भी मौत नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि लोगों को मच्छरों से बचाने के लिए जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ताकि लोग बीमारियों की गिरफ्त में आने से बच सकें।

मच्छरों की मदद करता है ब्लोअर

जिला अस्पताल के डॉ. संतराम वर्मा का कहना है कि ठंड से बचने या फिर तापमान को सामान्य करने के लिए होटल, ऑफिस और घरों में लोग ब्लोअर व हीटर का इस्तेमाल करते हैं। इससे मलेरिया के मच्छरों

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

को राहत मिलती है, जिसके चलते वे अंडे दे देते हैं। जिसके बाद अंडों से निकले लार्वा मच्छर बनने के बाद आम दिनों की तरह सक्रिय हो जाते हैं।

मलेरिया के लक्षण

मांसपेशियों में दर्द और बुखार उतरते समय पसीना आना, सिर में तेज दर्द और उल्टी होना या जी मिचलाना, ठंड के साथ कंपकंपी होना फिर बाद सामान्य हो जाना, कमजोरी और थकान महसूस होना, शरीर में खून की कमी होना मलेरिया के प्रमुख लक्षण हैं। बता दें कि सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मलेरिया का निशुल्क उपचार किया जाता है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
twitter https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर